शहीद भगत सिंह
जयंती आज

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

राजस्थान

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, बुधवार, 28 सितंबर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष-3, 2079 | 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं जिला

सीएसआईआर के 81वें स्थापना दिवस पर बेस्ट वूमेन रिसर्चर समेत 18 का सम्मान

सीरी के पिलानी केंद्र में हुआ कार्यक्रम, डॉ. स्वराज मेमोरियल पुरस्कार प्रदान किए

पिलानी | सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी में मंगलवार को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 81वां स्थापना दिवस मनाया गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर ए एल शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक केएसएन राव एवं डॉ. आरएस शेखावत विशिष्ट अतिथि थे। 15 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 3 सहकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों सहित स्थानीय शिक्षण संस्था बिरला शिशु विहार के प्रधानाचार्य पवन वशिष्ठ, सीरी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या बी राशेल सहित पिलानी के गणमान्यजन उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर एस शेखावत ने भी संबोधित किया।

इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने स्वागत किया।

महिला शोधकर्ता वैज्ञानिक एवं छात्राओं को डॉ. स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल पुरस्कार दिए गए। संस्थान के चेन्नै केंद्र में कार्यरत महिला वैज्ञानिक डॉ. एच किरणमयी को डॉ. स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल पुरस्कार के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ महिला शोधकर्ता (बेस्ट वूमेन रिसर्चर) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. किरणमयी को यह सम्मान दूध में मिलावट का पता लगाने के यंत्र क्षीर स्कैनर एवं क्षीर एनालाइजर के वाणिज्यीकरण में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के अंतर्गत विजेता को दस हजार रुपए का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अदिति तथा शोध छात्राओं सुश्री विशाखा पारीक और सुश्री बी उत्तरा को विगत वर्ष प्रतिष्ठित जर्नलों में शोध पत्रों के प्रकाशन के लिए भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 का विमोचन भी किया गया। पुरस्कारों के अंतर्गत सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं और कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सीएसआईआर कार्मिक के पुत्र को भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन वैज्ञानिकों डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा एवं सोम शुक्ला माइति ने किया। अंत में संस्थान के प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।